एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

2 | बरेली | सोमवार, 9 फरवरी 2026, वर्ष 7,

PAGE NO : IV TOP

गोल्डन स्ट्रोक में सोनिया नजरिया में हर्षित प्रथम

फोटोग्राफी प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं अतिथि।

- स्थापना दिवस पर फोटोग्राफी और पेंटिंग प्रदर्शनी आयोजित

बरेली, अमृत विचारः पांचवें स्थापना दिवस पर रविवार की शाम रिद्धिमा में फोटोग्राफी और पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री राममूर्ति को याद किया। कहा कि आज बाबू जी की 116वीं जयंती है। उनकी याद में स्थापित रिद्धिमा के विभिन्न कोर्स में 5 वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक के विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

कानपुर विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. नीलिमा गुप्ता ने पेंटिंग वर्कशाप द गोल्डन स्ट्रोक और विजुअल आर्ट्स की तरफ से लगाई फोटोग्राफी प्रदर्शनी नजरिया का उदघाटन किया। गोल्डन स्ट्रोक प्रदर्शनी में सोनिया कोहली, नजरिया प्रदर्शनी में हर्षित को पहला स्थान मिला। दूसरे और तीसरे स्थान पर चुने गए प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया। स्थापना दिवस पर रिद्धिमा के विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इससे पहले मां शारदे की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। कथक गुरुओं के साथ विद्यार्थियों ने समर्पण के जरिये अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। थिएटर गुरु विनायक श्रीवास्तव और उनके विद्यार्थियों ने हास्य नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। संचालन डा. अनुज कुमार ने किया। समारोह में आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, आदि उपस्थित रहे।